Fourteenth Loksabha

Session : 8
Date : 25-08-2006

Participants : Choudhary Shri Nikhil Kumar

an>

Title : Regarding operation of trains from Balua Ghatti Railway Station, Bihar.

श्री निखिल कुमार चौधरी (कटिहार) : महोदय, मैं निम्नोक्त लोक महत्व के प्रश्न को शून्य प्रहर में उठाने की सूचना देता हूं तथा आपकी अनुमति चाहता हूं।

पूर्वोत्तर सीमांत रेलवे अंतर्गत कटिहार तेजनारायणपुर रेल खण्ड में कटावग्रस्त के बाद बलुआ घट्टी स्टेशन विगत तीन माह से बनकर तैयार है लेकिन रेलगाडियों का परिचालन अब तक नहीं किया गया है जिससे सैंकड़ों यात्रियों को प्रतिदिन परेशानियों से दो चार होना पड़ता है।

अतः जन-साधारण की कठिनाई को अविलम्ब दूर करने के लिए कटिहार बलुआ घट्टी स्टेशन से गाड़ियों का परिचालन शुरू किया जाये।